# जोधपुर के सूरसागर में उपद्रव के तीसरे दिन भी हालात तनावपूर्ण



**जोधपुर (कासं)।** जोधपुर के सूरसागर में उपद्रव के तीसरे दिन भी हालात तनावपूर्ण हैं, लेकिन काबू में है। शनिवार के बाद रविवार को भी लोग घरों में कैद रहे। उपद्रव के आरोप में 67 लोगों पर नामजद मामला दर्ज किया गया है।

अब तक 43 लोगों को गिरफ्तारी हो चुकी है। उपद्रव के तीसरे दिन रविवार को सूरसागर इलाके का पूरा मार्केट बंद है। आज क्षेत्र में शांति रही। मार्केट बंद होने और गर्मी के कारण लोगों की सड़क पर आवाजाही कम रही। दोपहर में कुछ महिलाएं पुलिस कार्रवाई को लेकर सूरसागर थाने पहुंची थीं, जहां से उनको समझाकर वापस घर भेज दिया।

**विवाद वाली जगह पुलिस तैनात, क्षेत्र में अब शांति**

एडीसीपी (पश्चिम) निशांत भारद्वाज ने बताया- दो पक्षों में विवाद के बाद सूरसागर, प्रतापनगर, देवनगर और राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र में धारा 144 लगाई गई, जो अब तक जारी है। सूरसागर क्षेत्र में जहां विवाद हुआ था, वहां पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। पुलिस दर्ज मामलों में जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है। क्षेत्र में अब शांति है। पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों से मिलकर शांति व्यवस्था बनाए रखने की भी अपील की।

**प्रतिनिधिमंडल ने निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की**

सूरसागर में दो पक्षों के बीच हुई झड़प को लेकर रविवार को कमिश्नरेट ऑफिस में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस कमिशनर से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार की एकतरफा कार्रवाई नहीं की जाए और दोषियों को बख्शा नहीं जाए। प्रतिनिधिमंडल में भोपालगढ़ विधायक गीता बरवड़, सांसद प्रत्याशी करणसिंह उचियारड़ा, जेडीए के पूर्व चेयरमैन राजेंद्र सोलंकी, महापौर कुंती देवड़ा, लूणी के पूर्व विधायक महेन्द्र विश्नोई, उप महापौर अब्दुल करीम जॉनी, जोधपुर उत्तर जिलाध्यक्ष सलीम खान और वकील आनन्द पुरोहित शामिल रहे।

**दावा- पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में लोगों ने किया पथराव**

शुक्रवार रात को हुए हंगामे में दो पुलिसवाले भी घायल हुए थे। इस दौरान उपद्रवियों ने एक दुकान में आग भी लगा दी थी। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले भी छोड़े। करीब तीन घंटे तक यह हंगामा चलता रहा।

उपद्रव की रात के वीडियो सामने आ रहे हैं। एक वीडियो में पुलिस प्रशासन पर पक्षपात का आरोप लगाया जा रहा है। दावा है कि पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में कुछ लोगों ने पथराव किया।

## सार-समाचार

### जोधपुर में मलाइका अरोड़ा ने फैंस को किया नमस्ते

**निजी दौरे पर आई, एयरपोर्ट पर फैंस की भीड़ जुड़ी**



**जोधपुर (कासं)।** बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा रविवार सुबह जोधपुर पहुंची। मलाइका को जोधपुर एयरपोर्ट के बाहर स्पॉट किया गया था। वो बीकानेर में एक ज्वेलरी शोरूम की लॉन्चिंग पर यहां आई। इस दौरान जैसे ही फैंस को मलाइका के आने की सूचना मिली। यहां भीड़ जुट गई। फैंस सेल्फी लेने के लिए जमा होने लगे। बता दें कि दोपहर को ज्वेलरी शोरूम की लॉन्चिंग के बाद मलाइका बीकानेर के लिए रवाना हो गई।

**फैंस को नमस्ते किया:** जोधपुर एयरपोर्ट पर पहुंची मलाइका ने अपने फैंस का हंसते हुए हाथ हिलाकर अभिवादन किया और उन्हें हाथ जोड़कर नमस्ते भी किया। मलाइका ने धूप से बचने के लिए सन ग्लासेस लगा रखे थे। उन्होंने कैप भी पहनी हुई थी। वहीं हल्की ब्लू जींस और व्हाइट कैजुअल टी शर्ट में मलाइका काफी गॉर्जियस लग रही थी। जोधपुर के बाद मलाइका कार के जरिए बीकानेर निकल गई।

### शोभायात्रा सुसज्जित हुई, संतगण सम्मानित



**जोधपुर (कासं)।** सतगुरु कबीर के 626वें प्राकट्य महोत्सव के तहत शहर में शोभायात्रा निकाली गई। साधकों ने कबीर के पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। कबीर आश्रम माधोबाग में संतों का सम्मान किया गया और शोभायात्रा निकाली गई। प्रवक्ता लक्ष्मीचंद धारीवाल ने बताया कि माधोबाग आश्रम के गादीपति डॉ. रूपचंददास के सान्निध्य में निकली शोभायात्रा में 151 महिलाएं मंगल कलश लेकर शामिल हुई और संतों का बधावणा किया गया। सुबह 9 बजे ओम्लिंपिक सिनेमा से शुरू हुई शोभायात्रा में जालोरी गेट से होते हुए शनिश्चरजी का थान, 5वीं रोड से होते हुए गीता भवन से कबीर आश्रम पहुंचकर संपन्न हुई।

इस दौरान संत समागम में संत मागुंदास, दशरथ कुमार और पूज्य प्रकाश, गादीपति हीरालाल, सुखदेवदास, मोहनदास, प्रेमानंददास महाराज भी शामिल हुए। शोभायात्रा का स्वागत किया। सतगुरु कबीर प्रकाश कुटीर प्रतापनगर और झालामंड में दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई। नीरज भाटी ने बताया कि प्रभातफेरी, सत्संग-भजन, कबीर मूल ग्रंथ बीजक पाठ, सत्यनाम ध्वजारोहण, संध्या दीपोत्सव तथा सतगुरु कबीर प्रकाश सेवा मंडल द्वारा शीतल पेयजल, फल, वस्त्र, अल्पाहार वितरण, महाप्रसादी एवं आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। फतेहसागर के महंत राजेंद्र दास ने बताया कि जन्मोत्सव के तहत अनेक आयोजन होने के साथ प्रसाद वितरण किया गया।

### टेम्पो ड्राइवर पर चाकू से हमला कर भागे

**जोधपुर (कासं)।** जोधपुर शहर के बनाड़ थाने के रमजान का हत्था के पास बाइक सवार दो युवकों ने एक मैजिक गाड़ी रुकाने के बाद ड्राइवर पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में गंभीर घायल हुए ड्राइवर को महात्मा गांधी अस्पताल ले जाया गया। वहीं हमलावर दोनों बदमाश घटना के तुरंत बाद मौके से फरार हो गए। खोखरिया में सांसी बस्ती निवासी मूमल सांसी ने बताया कि उसका भाई पिंटू पुत्र सूरजाराम सांसी सवारी गाड़ी चलाता है। वह शाम को सवारी लेकर बनाड़ रोड से निकल रहा था तभी रमजान का हत्था के पास मोटरसाइकिल सवार दो युवक नजर आए। एक युवक ने हाथ से इशारा करके गाड़ी रुकवाई। सवारी समझकर ड्राइवर पिंटू ने ने टेम्पो रोक दिया। इतने में ही दोनों युवक उससे झगड़े पर उतारू हो गए। वे मारपीट करने लगे और एक युवक ने चाकू निकाला और पिंटू पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। जो उसकी पीठ व गर्दन के पास लगे। इसके बाद आरोपी वहां से भाग गए। बाद में घायल पिंटू को MDM अहॉस्पिटल ले जाया गया। थानाधिकारी प्रेमदान रतनू ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुलिस ने बस्ती के पास दो जगहों से अवैध शराब जब्त की थी। अवैध शराब बेचने वालों को अंदेशा है कि पिंटू ने ही पुलिस को सूचना देकर शराब जब्त करवाई थी। इसी के चलते उस पर हमला किया गया है।



### राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बुद्धि प्रकाश शर्मा ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बुद्धि प्रकाश शर्मा ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से उनके निवास पर की शिष्टाचार भेंट की। साथ में पूर्व अध्यक्ष अभिमन्यु शर्मा मौजूद रहे। बहुत जल्दी सचिवालय कर्मचारी संघ का शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है।

**संगठन की जिम्मेदारी के साथ पर्यावरण सरक्षण की शपथके साथ जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न**

### नर्सिंग शिक्षकों का राष्ट्र निर्माण मे समर्पित नर्सेज के सृजन में महत्वपूर्ण योगदान- डॉ. अग्रवाल





**जयपुर (कासं)।** की सेवाएं चिकित्सा विभाग की रीढ़ की हड्डी है एवं इनका कार्य राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित है और इनके सृजन मे नर्सिंग शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उक्त उदगार राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविधालय के कुलपति डा धनज्जय अग्रवाल ने नर्सिंग टीचर्स एसोसिएशन ऑफ़ इण्डिया जयपुर जिला कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह मे मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए कही। रविवार को सवाई मानसिंह चिकित्सालाय परिसर स्थित जेएमए सभागार मे आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा दीपक माहेश्वरी ने की बही कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि राजस्थान नर्सिंग कोन्सिल की रजिस्ट्रार भारती थीं। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुम्भज एवं महासचिव जावेद अख्तर नक़वी ने बताया कि ने बताया कि नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी मे रामजीलाल कुमावत जिलाध्यक्ष, राकेश वर्मा जिला उपाध्यक्ष, तरुण मुदगल जिला महासचिव, विक्रम मीणा जिला सयुंक्त सचिव, चेतन गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष, लक्ष्मण सिंह जिला सरक्षक, अनीता सिंह जिला संयोजक, शिवराम वर्मा जिला प्रवक्ता, बाबूलाल मीणा जिला संगठन मंत्री पद पर शपथ दिलवाई गयीं।

कार्यक्रम मे चिकित्सालय उप अधीक्षक डा गिरधरगोपाल गोयल, राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन (भामस) के प्रदेशाध्यक्ष रामवीर सिंह सोलंकी, प्रदेश महासचिव दिलीप पारीक, राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्यारेलाल चौधरी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह शेखावत एवं नर्सिंग कोन्सिल के पूर्व रजिस्ट्रार डा शशिकांत शर्मा उपस्थित रहे। प्रांतिय कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश मेघवाल ने विगत बर्ष के आय व्यय का व्योरा सदन के समक्ष रखा जिसे प्रांतिय महासमिति द्वारा अनुमोदित किया गया।

### उदयपुर को आज मिलेगी बटरफ्लाई पार्क की सौगात

**एक विशेष तितली की उपस्थिति वाला भारत का पहला पार्क बनेगा हमारा यह बटरफ्लाई पार्क**

**उदयपुर।** नैसर्गिक सौंदर्य से लकदक झीलों की नगरी को सोमवार को एक अनूठे बटरफ्लाई पार्क की सौगात मिलने जा रही है। इस बटरफ्लाई पार्क की खासियत यह है कि इसमें पाई जाने वाली एक विशेष प्रजाति की तितली समूचे भारत भर में सिर्फ इसी पार्क में पाई जाती है और इसकी यह विशेषता समूचे विश्वभर के तितली प्रेमियों को यहां आने पर मजबूर करेगी।

उप वन संरक्षक अजय चित्तौड़ा ने बताया कि सोमवार शाम आयोजित होने वाले इस पार्क के शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि असम के राज्यपाल माननीय गुलाबचंद कटारिया होंगे तथा अध्यक्षता वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा करेंगे।

### खाटु श्याम की फूल बगले की सजी झाकी, दरबार में झुम उठे भक्त

**पूर्व मेयर ज्योति खण्डेलवाल ने करवाया था आयोजन**



**जयपुर (कासं)।** चांदपोल बाजार स्थिति श्रीरामचन्द्रजी के मन्दिर में श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति द्वारा बाबा खाटुश्याम की फूल बगले की भव्य झॉकी सजाई गई और भजनो का आयोजन किया गया। आयोजन के संयोजक शरद खण्डेलवाल व ज्योति खण्डेलवाल के अनुसार बाबा श्याम की झांकी के दर्शनों के लिए सैकडों भक्त श्री रामचन्द्र जी के मन्दिर पहॅूचे और दर्षनों का लाभ लिया व भजनों में सम्मिलित हुए। श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति के संयोजन में भजन गायकों ने अपनी सुरीली आवाज में भजन सुना कर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया, महिलायें व पुरूष भजनों पर लगातार कार्यक्रम में नाचते हुए नजर आये। शंकर नाटानी ने "अर्जी करते करते मै तो हार गया" राजू महरवाल ने "बनवारी रे जीने का सहारा तेरा नाम रे" साथ ही मनीष घी वाले ने "करो स्वागत बाबा को" व शरद खण्डेलवाल ने "कान्हा रे कान्हा आजा अब तो आजा" भजन गाकर श्याम प्रभु को रिझाया। कार्यक्रम में लोहार्गल धाम के महन्त श्री अश्वनी दास जी महाराज ने शिरकत की साथ ही विभिन्न राजनैतिक पार्टीयो के प्रतिनिधि, व्यापार मण्डल के पदाधिकारी, सामाजिक संगठनो के पदाधिकारी सहित सैकडो भक्तो ने शिरकत की।

**रूस के कजान में नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ सौम्या गुर्जर**

### रूस की जमीन पर धरती मां के नाम पर किया पौधारोपण

**जयपुर (कासं)।** नगर निगम ग्रेटर जयपुर की महापौर डॉ सौम्या इन दिनों रूस के कजान में BRICS+ Association of Cities and Municipalities में भाग ले रही है। पहले दिन की शुरुआत उन्होंने योग अभ्यास कर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेषित की। महापौर डॉ सौम्या ने कजान शहर के महापौर और उप महापौर से शिष्टाचार भेंट कर BRICS+ Association of Cities and Municipalities की पहली बैठक में भाग लिया। इस बैठक में स्वायत्त निकाय कैसे भविष्य में शहरवासियों के जीवन को बेहतर बनाए जाने पर अलग अलग देशों से आए जनप्रतिनिधियों ने चर्चा की।

दूसरे दिवस पर महापौर डॉ सौम्या ने साथी जन प्रतिनिधियों के साथ कजान के पास एक टापू पर बसे Sviyazhsk नामक शहर का भ्रमण किया। डॉ सौम्या ने इस टापू पर एक विश्व प्रसिद्ध संग्रहालय देखा जो की रूसी सभ्यता को दर्शाता है। साथ ही सभी जन प्रतिनिधियों ने अपने अपने देश के नाम का पौधारोपण भी किया और शहर में स्थित एक पुस्तकालय भी देखा जहा भाग ले रहें सभी देशों से संबंधित किताबें थी।

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER**
**PWD CIRCLE RAJSAMAND**

**File No:- 958** **Date:- 14.06.2024**

**Notice Inviting Bid**

Bids for **Nit No 02/2024-25,** (Building works) 1 **Nos.** are invited from interested bidders upto Date **15.07.2024, 06:00 P.M.** Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state, and departmental website. The approximate value of the procurement is **Rs. 125.26/- Lacs.**

**NIB No:-** PWD2425A0248
**UBN No:-** PWD2425WSOB00835

**DIPR/C/4720/2024**

अधीक्षण अभियन्ता
सा.नि.वि. वृत राजसमन्द

# रेगिस्तान के धोरों में खजूर की बंपर पैदावार

## 10 साल पहले गुजरात से लाए थे पौधे; एक बार में 100 किलो से ज्यादा देते है फ्रूट





**जोधपुर (कासं)।** पश्चिमी राजस्थान में कम पानी के बीच उगने वाली खजूर की खेती कर किसान अपना भविष्य सुनहरा बना रहे हैं। तकनीक के चलते पश्चिमी राजस्थान में खजूर की खेती भी बड़े पैमाने पर की जा रही है जोधपुर में इस बार काजरी की ओर से उगाए गए खजूर की पिछले साल के मुकाबले बंपर पैदावार हुई इसके चलते इस बार यहां पर खजूर की काफी बिक्री हो रही है। खास बात यह है की तकनीक का उपयोग कर किसान अपने खेतों में खजूर की खेती कर मालामाल हो रहे हैं।

काजरी के वरिष्ठ वैज्ञानिक धीरज सिंह ने बताया पश्चिमी राजस्थान में जमीन में पानी की उपलब्धता कम रहती है। इसके अलावा पानी की जो क्वालिटी है उसमें भी बदलाव होता है। कई जगहों पर साधारण पानी की अपेक्षा क्षा। कई गुना ज्यादा होता है। ऐसे में रेगिस्तान में मरुस्थल में या संपूर्ण पश्चिमी राजस्थान में खजूर एक ऐसी बागवानी फसल है जिसको किसान सफलतापूर्वक उगाकर अपनी आय में कई गुना वृद्धि कर सकता है। इसी कॉन्सेप्ट पर चलते हुए राजस्थान के पश्चिमी भाग में खजूर की वह किस्म लाई गई है। जो यहां के वातावरण में सर्वाधिक रूप से उत्पाद दे सके और यहां के वातावरण के अनुकूल अपने आप को ढाल सके। इसी क्रम में काजरी ने आनंद एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी गुजरात से एडीपी 1 वैरायटी लाकर यहां 2014 में स्थापित करी। जिसके 160 पौधे स्थापित किए। जिसको 8म8 मीटर की दूरी पर लगाया गया। ।

**4 साल बाद फ्रूट देना शुरू किया:** 4 साल के बाद इन्होंने यहां उपज देनी प्रारंभ कर दी। आज इस किस्म की पौधों को यहां 10 वर्ष से अधिक हो गया है और इस वातावरण में जहां इस वर्ष अत्यधिक गर्मी है सूखा है। पानी की उपलब्धता काफी कम है तो इस वातावरण में भी यहां तकरीबन औसतन एक पौधा 100 किलो के लगभग फसल देता है।

यहां के खजूर गहरे लाल रंग के होने की इसे काफी पसंद किया जा रहा है इसमें विटामिन मिनरल शुगर कार्बोहाइड्रेट प्रचुर मात्रा में पाया जाता है खास तौर पर खजूर को इसीलिए खाद्य पदार्थों में सबसे ऊपर रखा जाता है क्योंकि इसमें अन्य फलों के अपेक्षा न्यूट्रिएंट ज्यादा होते हैं। इसको ड्राई फ्रूट के तौर पर भी खा सकते हैं। बाजार में 150 से लेकर 250 रुपए तक इसे बेचा जा रहा है। स्वाद में बेहतरीन होने की वजह से यहां के किसानों को भी इस वैरायटी को उगा रहे हैं।

**4 साल में होता है उत्पादन शुरू**

वैज्ञानिक धीरज सिंह ने बताया की खजूर का पौधा 4 साल में उपज देना शुरू कर देता है।

एक बार ये पौधा यदि वातावरण में जम जाता है तो उसकी जड़े काफी गहरी जाती है। जिसकी वजह से जमीन की गहराई से भी खुद की आवश्यकता अनुसार पानी ले सकता है। खास बात यह है कि इस पौधे पर बीमारी और कीड़े भी बहुत कम लगते हैं। इसकी वजह से इस पर दवाई या कीटनाशक का उपयोग करने की आवश्यकता भी नहीं है।

**ICICI Home Finance** | **कॉरपोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी- कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059, भारत

**शाखा कार्यालय :** प्रथम तल, 294, मेहर प्लाजा, प्लॉट नं.1, 2, 15 और 16, वीर दुर्गादास नगर, पाली, राजस्थान- 306401

**निजी संधि के माध्यम से अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए नोटिस**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत निजी संधि के माध्यम से अचल आस्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(8) के साथ नियम 9(1) के साथ पठित आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईसीआईसीआई एचएफसी) ने नीचे उल्लिखित बंधक संपत्ति की बिक्री के लिए कई ई-नीलामी आयोजित की, हालांकि, ऐसी सभी ई-नीलामियां विफल रहीं। अब, एक इच्छुक खरीदार ने उक्त संपत्ति को **3,50,00,000/- रुपये** की राशि में खरीदने के प्रस्ताव के साथ आईसीआईसीआई एचएफसी से संपर्क किया है। इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित है, जिसका **भौतिक कब्जा** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को निजी संधि के माध्यम से 'जहां है, जैसा हैं', 'जो है, जैसा है' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार है;

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार कानूनी उत्तराधिकारी का नाम कर्ज खाता क्रमांक | प्रतिभूत मालमत्ता के साथ ज्ञात भार, कुछ हो तो तपशील | थकबाकी रकम | राखीव मूल्य रु. में / बयाना राशि जमा रु. में | मालमत्ता परीक्षण की तिथि एवं समय | निलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | रमेश चंद गुलेच्छा (उधारकर्ता) मंजू देवी गुलेच्छा, शुभम गुलेच्छा, रमेश चंद गुलेच्छा हुफ, गारंटर का नाम: मंजू देवी गुलेच्छा (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHPLI00001249888 और LHPL100001260498 और NHPL100001249884 | मकान संख्या- 55, आदर्श नगर, अंबेडकर सर्किल के पास पाली, जिला पाली, मारवाड़, राजस्थान- 306401 | रु. 9,19,90,529/- 18 जून, 2024 | रु. 3,50,00,000/- / रु. 35,00,000/- | 01 जुलाई, 2024 11:00 पूर्वाह्न 03:00 अपराह्न | 10 जुलाई, 2024 02:00 अपराह्न 03:00 अपराह्न |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टेक** की वेबसाइट **(यूआरएल लिंक- https://BestAuctionDeal.com)** पर आयोजित की जाएगी। संभावित बोलीदाता को बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम तल, 294, मेहर प्लाजा, प्लॉट नंबर 1, 2, 15 और 16, वीर दुर्गादास नगर, पाली, राजस्थान- 306401** पर या **09 जुलाई, 2024** को **शाम 04:00** बजे से पहले जमा करना होगा। संभावित बोलीदाता(ओं) को पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम व शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम तल, 294, मेहर प्लाजा, प्लॉट नंबर 1, 2, 15 और 16, वीर दुर्गादास नगर, पाली, राजस्थान- 306401** पर या **09 जुलाई, 2024** को **शाम 05:00** बजे से पहले जमा करानी होगी। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड - नीलामी'** के पक्ष में **पाली** में देय होना चाहिए।

आम जनता से अनुरोध है कि वे ऊपर उल्लिखित इच्छुक खरीदार द्वारा पेश की जा रही राशि से अधिक की बोली प्रस्तुत करें। इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि यदि **आईसीआईसीआई एचएफसी** को उपर्युक्त इच्छुक खरीदार द्वारा पेश की जा रही राशि से अधिक की कोई बोली प्राप्त नहीं होती है, तो बंधक संपत्ति को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के साथ नियम 8(8) के अनुसार उक्त इच्छुक खरीदार को बेच दिया जाएगा।

निरीक्षण, बिक्री की शर्तों और नियमों या बोलियों की प्रस्तुति के संबंध में किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 022-69974300 पर या हमारे बिक्री और विपणन भागीदार नेक्सएक्सन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** से संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया **https://www.icicihfc.com/** पर जाएँ।

**दिनांक : 24 जून, 2024**
**स्थान : पाली**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड**